# बदहाल बस्ती के निवासी बदबू में जीने को मजबूर

**वार्ड परिक्रमा-29**


## नालों की सफाई न होने और कचरे का ढेर होने से बीमारियों का खतरा

विजय शर्मा

**भोपाल, 21 जून. नगर निगम के वार्ड 29 में सीवेज और कचरे की समस्याएं अधिक देखने को मिली है. वार्ड में पलकमति परिसर, शिवा परिसर, राजदीप रेजीडेंसी, सोनिया नगर, नेहरु नगर के सी, डी, एस सेक्टर, बापूनगर, राहुल नगर, पुरानी और नवीन साबरी नगर, पुलिस लाइन, सूर्यनगर सहित छोटी बड़ी लगभग दो दर्जन कालोनियां है. जिनमें अधिकतर सीवेज और नालियों की समस्या पाई गई.**

बारिश का दौर शुरू होने वाला है. इस वार्ड में अभी तक नाले नालियों की सफाई नहीं की जा सकी है. जिन नालियों की सफाई हो चुकी है उनका कचरा वहीं पर रखा हुआ है जो धीरे धीरे वापस नालियों में भर रहा है. यहीं स्थिति सीवेज की बनी हुई है. समय पर सीवेज की सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है. अगर झाड़ू की बात की जाए तो इन वार्ड में कुछ वीआईपी कॉलोनियों को छोड़ दिया जाए तो अन्य स्लम या मध्यम वर्गीय कालोनियों में समय पर नहीं लगाई जाती है. वहीं कचरा भी पड़ा रहता है. नवभारत प्रतिनिधि ने वार्ड का दौरा कर समस्याओं का जायजा लिया और रहवासियों से चर्चा की.

रहवासियों ने बताया कि हालांकि कचरा वाहन तो समय पर आता है लेकिन जो कचरा गलियों में या मल्टियों के पीछे नालियों में भरा पड़ा है, उसे नहीं उठाया जाता है. जिससे यहां की कुछ बस्तियों में मच्छरों की भरमार है. जिससे वहां के रहवासी डेंगू जैसी बीमारी का शिकार हो रहे हैं. वहां के लोगों ने पार्षद के द्वारा समस्याओं का समय पर हल कराने का दावा किया है. वहीं इन सीवेज,नालियों की सफाई, झाड़ू को लेकर नगर निगम के कर्मचारियों को दोषी ठहराया है. वहीं जनता ने बताया कि यहां पर पार्षद के द्वारा सड़क निर्माण, पार्क , शेड निर्माण सहित सभी विकास कार्यों पर कार्य किया गया है.

### अनेक विकास कार्य कराए : पार्षद



कांग्रेस पार्षद दिवांश कंसाना ने बताया कि सड़क निर्माण सहित अनेकों कार्य कराये गए हैं . जो भी विकास कार्य हुए हैं वह सिर्फ पार्षद निधि से ही कराए गए हैं . अन्य कोई निधि मिलती नहीं है . राहुल नगर सड़क निर्माण, नाली निर्माण, शेड निर्माण, बापू नगर में सड़क, कमला नगर थाने में ब्लॉक सौंदर्यीकरण, नेहरू नगर, डी सेक्टर एवं पुलिस लाइन क्षेत्र में डामरीकरण व सीसी रोड निर्माण ब्लॉक सौंदर्यीकरण, पार्क निर्माण कार्य कराया गया . टीवीएस शोरूम से कोपल स्कूल तक सीसी रोड एवं ब्लॉक सौंदर्यीकरण, राजदीप रेसिडेंसी व ईएच-7, सूर्य नगर में पार्क निर्माण कार्य कराया गया .

### बापू नगर में सीवेज की लाइन टूटी

इस वार्ड का स्लम एरिया बापू नगर है, जहां पर सीवेज की लाइन फूटी हुई हैं . वहीं कुछ झुग्गी वालों ने अपने घरों के अंदर कर ली है . जो बाहर है वह टूटी हुई है जिससे सीवेज लाइन चेंबर भरे रहते हैं . वहीं बारिश या आम दिनों में गंदा पानी झुग्गियों में भर जाता है . यही स्थिति साबरी नगर में है वहां भी सीवेज की सफाई नहीं होती है .

### साबरी नगर में कचरे का ढेर


इस वार्ड में दो साबरी नगर मल्टी हैं एक पुरानी और दूसरी नई . दोनों ही स्लम एरिया मानी जाती है . यहां पर सफाई का नामों निशान दिखाई नहीं देता है . वहीं यहां की मल्टियों में आगे पीछे सभी जगह कचरा ही कचरा दिखाई देता है . देखने से ऐसा लगता है कि नगर निगम ने इसे सभी सुविधाओं से दूर कर रखा है . यहां की मल्टियों में आम दिनों में भी पानी भरा रहता है . बदबू आती रहती है . यहां के रहवासी बदबू और गंदगी में रहने को मजबूर हैं . नगर निगम के सफाई कर्मचारी यहां पर काम करने ही नहीं जाते हैं .

### रहवासी बोले- सड़कों पर बहता है गंदा पानी



सीवेज लाइन में जाम की समस्या बनी रहती है . जिससे सड़कों पर गंदा पानी बहता रहता है . पार्षद के द्वारा समस्याओं का हल कराया जाता है .

**राजेन्द्र मेवाड़ा,** दुकान संचालक, नेहरुनगर



हमारे यहां पर प्रतिदिन झाड़ू लगाई जाती है . वहीं सीवेज की कोई समस्या नहीं है . पार्षद के द्वारा समस्याओं का जल्द ही हल किया जाता है .

**वृजेन्द्र सिहं,** रहवासी ई टाइप, शिवाजी नगर के पास



यहां पर कचरा पड़ा रहता है . झाड़ू एक दो दिन में लगाई जाती है . गंदगी होने से मच्छरों की भरमार है .

**भास्कर, रहवासी,** नवीन साबरी नगर



हमारे यहां पर नाले की सफाई नहीं होने से बारिश के दौरान पानी भर जाता है . जिससे घर से निकलना भी मुश्किल हो जाता है . सीवेज की समस्या बनी रहती है .

**मीना, रहवासी,** नवीन साबरी नगर



सीवेज की समस्या है . नाले की सफाई नहीं होती है . जिससे बारिश के दौरान पानी झुग्गियों में भर जाता है .

**हिंदू सिंह,** रहवासी, बापू नगर



यहां पर सीवेज की सफाई नहीं होती है नालियां कचरे से भरी रहती हैं . जिससे मच्छरों की भरमार है . बीमारियों के शिकार हो रहे हैं .

**केशव विश्वकर्मा,** रहवासी, पुरानी साबरी नगर



हमारे यहां पर सबसे ज्यादा समस्या सीवेज की है . कभी सफाई नहीं की जाती है . कचरा समय पर उठता है . झाड़ू भी समय पर रोज लगाई जाती है .

**गौरव,** रहवासी, बापू नगर



सीवेज की लाइन पूरी तरह से जाम है . बिल्डिंग के पीछे नालियों मे कचरा भरा पड़ा है . झाड़ू भी नाम मात्र की लगाई जाती है . कचरा वाहन समय पर आता है . पार्षद ठीक काम कर रही है .

**लोकेन्द्र, रहवासी,** पुरानी साबरी नगर



हमारे घर के सामने ही सीवेज का चेंबर है, वहीं सीवेज के पाइप पूरी तरह से टूटे हुए हैं. उसमें कचरा भरजाता है जिससे सीवेज का पानी घर के सामने कभी कभी तो घरों में भर जाता है .

**सोना बाई,** रहवासी, बापू नगर

# शराब का अवैध कारोबार, 1 गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 21 जून. छोलामंदिर थाना पुलिस ने अवैध शराब का कारोबार करने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए सामान को जब्त किया है.**

पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि एक कार में संदिग्ध व्यक्ति अवैध रूप से शराब लेकर भानपुर गोलंबर से निकलने वाला है. मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उसे गोलंबर चौराहे पास पकड़ लिया. आरोपी ने अपना नाम अखिलेश कुमार आर्य (29) निवासी सांची का बताया.



कार की तलाशी लेने पर कार में से 10 पेटी अंग्रेजी शराब कुल मात्रा- 84.75 लीटर शराब कुल कीमत 85 हजार मिली. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शराब सहित कार की जब्ती की.

# फंदे पर लटका मिला युवक

- रूम पार्टनर ने दी पुलिस को सूचना

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 21 जून. शाहपुरा थाना इलाके में एक साल के एक युवक का शव किराए के मकान में फंदे पर लटकता मिला. युवक की बहन ने उसके रूम पार्टनर से फोन पर बात की और रूम पार्टनर जब कमरे में पहुंचा तो युवक को फंदे से लटकता देखा.**

मामले की सूचना पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा. पुलिस को सौरभ के कमरे से सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है.

जानकारी के मुताबिक सौरभ सिंह (28) रोहित नगर में रहता था. वह मूलत: ग्वालियर जिले का रहने वाला था. भोपाल में सौरभ रहकर नौकरी करने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करता था. रोहित नगर में सौरभ के साथ उसका रूम पार्टनर आदित्य भी रहता था. शनिवार को देर रात सौरभ की बहन ने आदित्य को अचानक फोन किया. आदित्य से सौरभ की बहन ने उसका फोन नहीं उठने और बात कराने की बात कही. आदित्य जब कमरे पर पहुंचा तो उसने एक गमछे में सौरभ का शव लटका देखा.

# शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

## पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 21 जून. रातीबड़ इलाके में एक तलाकशुदा महिला के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है. पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है.**

जानकारी के मुताबिक 28 वर्षीय महिला ने सूरजनगर निवासी एक युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि युवक से उसकी दोस्ती थी. दोनों के बीच दोस्ती धीरे-धीरे प्रेम प्रसंग में बदली. इस दौरान आरोपी ने कई बार महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए. महिला का आरोप है कि आरोपी युवक पहले से ही शादीशुदा है और उसने झूठ बोल कर महिला को भरोसे में लिया और शादी का वादा किया. महिला की पूर्व में शादी हुई थी और पति से उसका तलाक हो चुका है. वह करीब चार साल से अपने माता पिता के साथ रह रही है. पीड़िता का आरोप है कि वह एक कंपनी में काम करती थी.

युवक ने शादी करने की बात करते हुए उससे नौकरी छोड़ने को भी कहा था. महिला ने युवक की बात में आकर नौकरी छोड़ दी थी. हाल ही में महिला ने जब युवक पर शादी का दबाव बनाया तो युवक और उसके परिवार के लोग मुकरने लगे. परेशान होकर पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई. रातीबड़ थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

# नाले में मिला भेलकर्मी का शव

## एक दिन पहले हुए थे लापता

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 21 जून. भेल के एक 59 वर्षीय कर्मचारी का शव बरखेड़ा पठानी इलाके में एक नाले में मिलने से सनसनी फैल गई. पुलिस को घटनास्थल से एक ब्लेड बरामद हुई. मृतक के एक हाथ की नस भी कटी मिली. गोविंदपुरा थाने में कर्मचारी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी. पुलिस मामले में हत्या और आत्महत्या के एंगल्स से जांच कर रही है.**

जानकारी के मुताबिक सुनील सिन्हा भेल में कर्मचारी थे. आगामी दिसंबर में उनका रिटायर्टमेंट होने वाला था. शनिवार को देर शाम से सुनील अचानक से लापता हो गए. परिजनों ने बहुत तलाश करने के बाद थाने में सूचना दी. इस बीच नाले में सुनील का शव मिलने की सूचना मिली. उनके एक हाथ की नस कटी मिली और पास में एक ब्लेड भी देखी गई. पुलिस ने शव को पीएम के लिए रवाना करते हुए जांच शुरू कर दी है. कयास यह भी लगाया जा रहा है कि किसी बात को लेकर सुनील तनाव में और उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया होगा.

# मलबा फेंकने पर 10 हजार का जुर्माना

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 21 जून. नगर निगम द्वारा शहर में बेहतर स्वच्छता बनाए रखने तथा साफ-सफाई व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ रविवार को जुर्माने की कार्रवाई की गई. यह कार्रवाई निगम के जोन क्रमांक-16 के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा वार्ड क्रमांक-65 स्थित गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में की गई.**

यहां सड़क किनारे सार्वजनिक स्थल पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से सीमेंट की टूटी हुई चादरें फेंकी गई थीं. इसकी सूचना मिलने पर निगम के स्वास्थ्य अमले ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्ति से 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला. इसके बाद लोगों को समझाइश भी दी गई कि सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी या मलबा न फेंकें, अन्यथा उनके खिलाफ और अधिक कठोर कार्रवाई की जाएगी.



## डाक्टर के बेटे की जहरीला पदार्थ पीने से मौत

**भोपाल, 21 जून.** नौकरी छूट जाने से परेशान एक डॉक्टर के बेटे की जहरीला पदार्थ पीने से रविवार को मौत हो गई. उसका करीब 10 दिन से अस्पताल में उपचार जारी था. मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुट गई है.

जानकारी के मुताबिक सौरभ बंजारा (41) निवासी पूजा कॉलोनी में परिवार के साथ रहता था. सौरभ के पिता डॉ. एमएल बंजारा नेफ्रोलॉजिस्ट हैं. वे कमला नेहरू अस्पताल में भी पदस्थ रह चुके हैं. सौरभ एमबीए करने के बाद से एक निजी कंपनी में जॉब करता था. कुछ महीने पहले सौरभ की जॉब चली गई, जिससे वह तनाव में रहने लगा था.



# 10 पशुओं को कांजी हाउस भेजा और दो को अस्पताल

**भोपाल, 21 जून. शहर के बाजारों और सड़कों पर आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या की शिकायत नगर निगम की गोवर्धन परियोजना शाखा को मिली थी. सड़कों और मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं के घूमने और बैठने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है.**

इसी समस्या के निराकरण के लिए नगर निगम की गोवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने रविवार को आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया. निगम के अमले ने लिंक रोड नंबर-2, अटल भवन क्षेत्र, नेहरू नगर, भदभदा, जेल रोड, जहांगीराबाद, जेल पहाड़ी, कोटरा, बरखेड़ा पठानी और बावड़ियाकला सहित विभिन्न क्षेत्रों में सघन अभियान चलाकर सड़कों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे पशुओं को पकड़ा.

कार्रवाई के दौरान 10 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस भेजा गया तथा दो पशुओं को पशु चिकित्सालय 'आसरा' भेजा गया. वहीं, हाका पार्टी ने 12 पशुओं को सड़कों से हटाने की कार्रवाई की.

**सम्मान** नवाचारों को मिली सराहना

# जिला पंचायत को मिला स्कॉच अवॉर्ड

- 'टैक्स सखी' के लिए जिला पंचायत को मिला अवार्ड
- कर संग्रह को प्रोत्साहित किया प्रभावी तरीके से

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 21 जून. जिला पंचायत भोपाल को 'टैक्स सखी : इनोवेटिव ऑन टैक्सेशन' पहल के लिए नई दिल्ली में प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. यह उपलब्धि जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ( सीईओ ) इला तिवारी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संचालित नवाचारों का परिणाम है.**



यह सम्मान सीईओ इला तिवारी के निर्देशन में शिवानी मिश्रा, देवेश सराठे (सीईओ, जनपद पंचायत) एवं रेखा पाण्डेय (जिला परियोजना प्रबंधक, एसआरएलएम) ने ग्रहण किया.

जिला पंचायत को यह पुरस्कार 'टैक्स सखी : इनोवेटिव ऑन टैक्सेशन' के अंतर्गत कर जागरूकता बढ़ाने एवं कर संग्रह को प्रोत्साहित करने के लिए किए गए प्रभावी कार्यों के लिए प्रदान किया गया.सीईओ इला तिवारी ने इस उपलब्धि पर समस्त टीम को बधाई देते हुए इसे टीमवर्क, समर्पण और सतत प्रयासों का परिणाम बताया.

# महिला के बैंक खाते से साढ़े छह लाख रुपये गायब

- पुलिस ने शुरू की जांच जालसाजों की तलाश

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 21 जून. अशोका गार्डन थाना इलाके में एक महिला के बैंक खाते से सायबर जालसाजों ने करीब साढ़े 6 लाख रुपए उड़ा दिए. महिला के खाते से गायब हुए रुपए को लेकर, जब मोबाइल पर अलर्ट मैसेज आया तब उन्होंने ध्यान दिया. महिला ने सायबर और स्थानीय थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

जानकारी के मुताबिक सुंदरनगर निवासी रेनू शर्मा का एक बैंक में बचत खाता चलता है. रेनू के खाते से करीब चार दिन पहले साइबर जालसाजों ने अवैध तरीके से कई लेनदेन करके कुल 6 लाख 61 रुपए 995 रुपये निकाल लिए. रेनू के मोबाइल नंबर पर जब बैंक की तरफ से डेबिट अलर्ट का संदेश दिखा तो उन्होंने तुरंत ही बैंक के अधिकारियों से संपर्क कर जानकारी ली. बैंक में लेन-देन की विवरण देखने के बाद रेनू ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात सायबर जालसाजों के खिलाफ केस दर्ज किया है.

## अपहृत बालिका सकुशल मिली, 2 आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** सात दिन पहले घर से लापता हुई नाबालिग लड़की को भोपाल देहात की बैरसिया थाना पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर परिजनों को सौंप दिया. बालिका 16 जून को घर से लापता हो गई थी. इसके बाद से उसे तलाशने के प्रयास चल रहे थे. जांच में पता चला कि कोई व्यक्ति उसे अपने साथ ले गया है. पुलिस ने सुनील नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार कर बालिका को सुरक्षित खोज निकाला.